राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1410

07 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

नगरनार में इस्पात संयंत्र के अंतर्गत विनिवेश

1410. श्री मोतीलाल वोराः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने छत्तीसगढ़ के नगरनार में निर्माणाधीन इस्पात संयंत्र के विनिवेश का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरनार में निर्माणाधीन इस्पात संयंत्र के विनिवेश प्रस्ताव पर पुनःविचार करने का अनुरोध किया है; और

(घ) क्या नगरनार, जो नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में अवस्थित है, की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए, सरकार वहां निर्माणाधीन इस्पात संयंत्र के विनिवेश प्रस्ताव पर पुनः विचार करेगी, यदि हां, तो कब तक?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): जी, हां। सरकार ने एनएमडीसी लिमिटेड के नगरनार इस्पात संयंत्र के योजनाबद्ध विनिवेश पर 'सैद्धांतिक रूप' से निर्णय लिया है।

(ग) जी, हां।

(घ) इस मामले पर अंतिम निर्णय यथासमय लिया जायेगा।

*****